# SAARTHI · सारथी

करियर मार्गदर्शन पोर्टल · Career Guidance Portal
"सही मार्गदर्शन, उज्ज्वल भविष्य।"

करियर शीट · CAREER SHEET

# Agri Clinic & Agri Business

एग्री क्लिनिक एंड एग्री बिज़नेस केंद्र (ACABC) एक सरकारी योजना है, जिसमें कृषि स्नातक/स्नातकोत्तर 45 दिन का नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण लेकर अपना कृषि व्यवसाय शुरू करते हैं। नाबार्ड द्वारा ऋण व सब्सिडी मिलती है और ये युवा...

## इस करियर की पूरी जानकारी — स्कैन करें

वेतन, परीक्षा, कॉलेज, प्रवेश के रास्ते और आगे के कदम — सब पोर्टल पर।

career.gsssjethantri.in/#/career/agri-clinic

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जेठन्तरी

Govt. Sr. Sec. School, Jethantri · ब्लॉक समदड़ी · बालोतरा (Block Samdari · Balotra)

www.gsssjethantri.in · career.gsssjethantri.in




**सुशील कुमार शर्मा**
प्रधानाचार्य, रा.उ.मा.वि. जेठन्तरी · मास्टर ट्रेनर
Principal, GSSS Jethantri · Master Trainer



**श्री चेनाराम चौधरी**
प्रधानाचार्य, डाइट बाड़मेर
Principal, DIET Barmer



**श्रीमती संघमित्रा**
वरिष्ठ व्याख्याता, डाइट बाड़मेर (सहयोग)
Sr. Lecturer, DIET Barmer (Support)



**भरत चौधरी**
अभिकल्पना व विकास · व्याख्याता (इतिहास)
Designed & developed · Lecturer (History)



🙏 विशेष धन्यवाद · SPECIAL THANKS



**सुरेन्द्र सिंह राठौड़**
व्याख्याता (इतिहास) · रा.उ.मा.वि. कानाना



**सुरेश कुमार सैन**
व्याख्याता (भूगोल) · रा.उ.मा.वि. रामसीन मूंगड़ा



**वनिता कुमारी**
व्याख्याता (इतिहास) · रा.उ.मा.वि. रामसीन मूंगड़ा



**कमलेश चौधरी**
व्याख्याता (राजनीति विज्ञान) · रा.उ.मा.वि. टापरा

करियर मार्गदर्शन कार्यशाला, डाइट बाड़मेर (14–17 जुलाई 2026) में विकसित व लोकार्पित
Developed & unveiled at the Career Guidance Workshop, DIET Barmer (14–17 July 2026)



यह एक स्वतंत्र परियोजना है, जो सरकार की आधिकारिक करियर-मार्गदर्शन सामग्री पर आधारित है। · An independent project based on the Government's official career-guidance content.

## 1 यह करियर क्या है

एग्री क्लिनिक एंड एग्री बिज़नेस केंद्र (ACABC) एक सरकारी योजना है, जिसमें कृषि स्नातक/स्नातकोत्तर 45 दिन का निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण लेकर अपना कृषि व्यवसाय शुरू करते हैं। नाबार्ड द्वारा ऋण व सब्सिडी मिलती है और ये युवा 'एग्रीप्रेन्योर' कहलाते हैं।

## 2 एक नज़र में

| | |
|---|---|
| न्यूनतम योग्यता | कृषि स्नातक/स्नातकोत्तर |
| प्रशिक्षण | 45 दिन (निःशुल्क) |
| परियोजना ऋण | ₹20 लाख तक (व्यक्ति) |
| कार्य-शैली | स्वरोजगार / उद्यम |

## 3 क्या-क्या चाहिए

#### रुचियाँ

- समस्या का समाधान करना
- चीज़ों को व्यवस्थित रखना और योजना बनाना
- नेतृत्व करना

#### क्षमताएँ

- संख्या, डेटा व ग्राफ की समझ
- यंत्र, उपकरण व सॉफ्टवेयर के साथ काम करना
- शब्द और भाषा की समझ व लेखन

#### ज़रूरी कौशल

- व्यवसाय योजना व प्रबंधन
- मृदा व बीज परीक्षण का ज्ञान
- फसल व कीट-रोग सलाह
- वित्त व ऋण प्रबंधन
- विपणन व ग्राहक संबंध
- उद्यमशीलता व जोखिम प्रबंधन

## 4 कैसे पहुँचें

1. कृषि/विज्ञान संकाय (PCB) के साथ कक्षा 12 उत्तीर्ण करें।
2. कृषि/उद्यानिकी/खाद्य विज्ञान/जैव तकनीक में स्नातक डिग्री लें।
3. स्नातक प्रवेश हेतु JET या CUET परीक्षा उत्तीर्ण करें।
4. ACABC योजना में आवेदन कर 45 दिन का निःशुल्क प्रशिक्षण लें।
5. नाबार्ड ऋण/सब्सिडी लेकर एग्री-क्लिनिक या एग्री-बिज़नेस केंद्र खोलें।

**प्रमुख परीक्षाएँ**

- JET (राजस्थान कृषि प्रवेश परीक्षा)
- CUET-UG
- ACABC पात्रता (परीक्षा नहीं, कृषि डिग्री आवश्यक)

## 5 कहाँ से पढ़ें

**सरकारी संस्थान**

- MANAGE (नोडल संस्थान, ACABC) — हैदराबाद (अखिल भारतीय) (https://www.manage.gov.in/)
- श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय (SKNAU) — जोबनेर, जयपुर (https://www.sknau.ac.in/)
- महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (MPUAT) — उदयपुर (https://www.mpuat.ac.in/)
- स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय — बीकानेर

**निजी संस्थान**

- वनस्थली विद्यापीठ (केवल महिलाओं के लिए) — निवाई, टोंक
- सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय — जयपुर

**ऑनलाइन**

- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) — दूरस्थ शिक्षा
- वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय — कोटा

**फ़ीस**

45 दिवसीय ACABC प्रशिक्षण निःशुल्क व आवासीय है। कृषि स्नातक डिग्री की फीस लगभग ₹20 हजार से ₹1.5 लाख प्रति वर्ष तक हो सकती है, जो संस्थान पर निर्भर है।

**छात्रवृत्तियाँ**

- राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (NSP) (https://scholarships.gov.in)

- राजस्थान SJE छात्रवृत्ति (https://sje.rajasthan.gov.in/)
- Buddy4Study (https://www.buddy4study.com)

## 6 काम कैसा होता है

**कहाँ काम**

ग्रामीण क्षेत्र, अपना एग्री-क्लिनिक/एग्री-बिज़नेस केंद्र, गैर-सरकारी संगठन तथा जैविक खेती के प्रशिक्षण केंद्र।

**कार्य-संस्कृति**

यह फील्ड और डेस्क दोनों प्रकार का काम है। सप्ताह में लगभग 6 दिन व दिन में 7-9 घंटे काम, ओवरटाइम संभव। उद्यमिता के तहत स्वयं का व्यवसाय शुरू किया जा सकता है।

**कौन नौकरी देता है**

- स्वयं का एग्री-क्लिनिक / एग्री-बिज़नेस केंद्र
- बीज, खाद व कृषि इनपुट कंपनियाँ
- जैविक खेती व प्रशिक्षण केंद्र
- किसान उत्पादक संगठन (FPO)
- एनजीओ व ग्रामीण विकास संस्थान
- कृषि स्टार्टअप व एग्री-टेक फर्म

**माँग (2026)**

सरकार किसानों तक विस्तार सेवाएँ पहुँचाने के लिए ACABC को बढ़ावा दे रही है; ग्रामीण उद्यमिता व जैविक इनपुट की माँग के साथ एग्रीप्रेन्योर के अवसर बढ़ रहे हैं।

## 7 आगे बढ़ने का रास्ता

1. एग्री-क्लिनिक/एग्री-बिज़नेस कंसल्टेंट
2. एग्री-बिज़नेस मैनेजर
3. वरिष्ठ एग्री-बिज़नेस कंसल्टेंट
4. कृषि विशेषज्ञ / उद्यमी

**कमाई**

| | |
|---|---|
| शुरुआत | ₹2.5-4 लाख/वर्ष |
| मध्य स्तर | ₹6-10 लाख/वर्ष |
| वरिष्ठ स्तर | ₹15 लाख+/वर्ष |

आय व्यावसायिक क्षमता, अनुभव व विशेषज्ञता पर निर्भर है। सफल एग्रीप्रेन्योर इससे कहीं अधिक कमा सकते हैं। आँकड़े अनुमानित हैं।

## 8 अच्छी बातें · चुनौतियाँ

**अच्छी बातें**

- 45 दिन नि:शुल्क प्रशिक्षण व नाबार्ड ऋण/सब्सिडी
- स्वयं का व्यवसाय व असीमित आय की संभावना
- गाँव में रहकर किसानों की सेवा का अवसर

**चुनौतियाँ**

- व्यवसाय शुरू करने में जोखिम व अनिश्चितता
- प्रारंभ में आय अनियमित हो सकती है
- ऋण चुकाने व बाज़ार प्रतिस्पर्धा का दबाव

## 9 असल ज़िंदगी की कहानियाँ

**Dilip Bisen**
**एग्री-क्लिनिक संचालक व जैविक इनपुट उद्यमी, रायपुर**

कीट विज्ञान में स्नातकोत्तर दिलीप बिसेन ने IGKV रायपुर से ACABC प्रशिक्षण लेकर 'ओम साईं एग्री-क्लिनिक एंड एग्री-बिज़नेस सेंटर' शुरू किया। वे प्रकाश-प्रपंच से जैविक कीट नियंत्रण, गोबर-मूत्र व नीम से जैविक खाद और वर्मीकम्पोस्ट बनाते हैं। ₹20 लाख ऋण व नाबार्ड की ₹7.2 लाख सब्सिडी लेकर उन्होंने 5 ज़िलों के 40 गाँवों में सेवा दी; वार्षिक टर्नओवर लगभग ₹20 लाख व 10 कर्मचारी हैं।

MANAGE (Agri-Clinics) · https://www.agriclinics.net/compendium1.pdf

**Kavita Bidwe**
**एग्री-क्लिनिक संचालक व मृदा-परीक्षण सलाहकार, राहुरी**

महात्मा फुले कृषि विद्यालय, राहुरी से कृषि स्नातक कविता बिडवे ने KVK बभळेश्वर में ACABC प्रशिक्षण लेकर अपना एग्री-इनपुट व सलाह केंद्र खोला। वे मोबाइल मृदा-परीक्षण किट से खेत पर मार्गदर्शन देती हैं, पानी व पत्ती के नमूनों की जाँच कराती हैं तथा स्वयं-सहायता समूह व किसान क्लब चलाती हैं। वे राहुरी तालुका के लगभग 450 किसानों को सेवा देती हैं और वार्षिक टर्नओवर लगभग ₹40 लाख है।

MANAGE (Agri-Clinics) · https://www.agriclinics.net/compendium1.pdf

## 10 स्रोत व आगे पढ़ें


1. ACABC आधिकारिक पोर्टल (MANAGE) — https://www.agriclinics.net/
2. नाबार्ड ACABC योजना — https://www.nabard.org/content1.aspx?id=595&catid=23&mid=23
3. राजस्थान करियर मार्गदर्शन पोर्टल — https://cg.rajasthan.gov.in/careerguidance/
4. SKN कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर — https://www.sknau.ac.in/
5. राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल — https://scholarships.gov.in


### और 770+ करियर — पूरा पोर्टल

रुचि व योग्यता परीक्षण, सरकारी नौकरियाँ, कौशल पाठ्यक्रम, बायोडाटा बनाने की सुविधा — सब मुफ़्त, बिना लॉगिन, इंटरनेट के बिना भी।

**career.gsssjethantri.in**